आकाशवाणी श्री विजयपुरम

28.03.2026 समय : 0705

1. देशभर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओ को देखते हुए परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर परामर्श जारी किया है।

2. पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से कर्मचारियों के लिए ओपन वॉटर स्कूबा डाइविंग कोर्स–सह–रीफ मॉनिटरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. कार निकोबार की संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए दक्षिण अंडमान के छात्र और शिक्षक अध्ययन दौरे पर कार निकोबार पहुँचे।

4. कार निकोबार में जनजातीय स्वदेशी खेल – जनजातीय खेल उत्सव का कल उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर परामर्श जारी करते हुए कहा कि देशभर में सड़क दुर्घटनाएं मृत्यु और गंभीर चोटों का एक प्रमुख कारण बनी हुई है। विभाग ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की ओर से सड़क हादसों में हो रही लगातार वृद्धि को देखते हुए सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को यातायात नियमों के सख्ती से पालन के निर्देश दिए है। विभाग ने लोगों से मोटर वाहन अधिनियम और अन्य सभी संबंधित नियमों का पालन करने की अपील की है। निर्देश के अनुसार पैदल यात्रियों को ज़ेब्रा क्रासिंग से सड़क पार करने और ट्राफिक सिग्नल का पालन करने की सलाह दी गई है। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। वाहन चालकों से गलत दिशा में वाहन न चलाने, लाल–नीली व तेज रोशनी वाली एल ई डी लाइट और अनधिकृत हूटर का उपयोग न करने को कहा गया है। प्रशासन ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, वंडूर में विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए आयोजित एक सप्ताह का ओपन वॉटर स्कूबा डाइविंग कोर्स–सह–रीफ मॉनिटरिंग कार्यक्रम का कल समापन हो गया। भारत सरकार के राष्ट्रीय तटीय मिशन के बायोस्फीयर प्रबंधन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य समुद्री संरक्षण, पानी के भीतर निगरानी और कोरल रीफ की निगरानी में कर्मचारियों की क्षमता का निर्माण करना था। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने द्वीपों की समुद्री जैव विविधता के संरक्षण को मजबूत करने के लिए वैज्ञानिक रीफ मॉनिटरिंग और कर्मचारियों के कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. एस. दिनेश कन्नन, और मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय डॉ. ए. अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तटीय मिशन के तहत ऐसी पहल एक कुशल कार्यबल बनाने के लिए महत्वपूर्ण है जो अंडमान निकोबार की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा करने में सक्षम हो। प्रशिक्षण में विभाग के कुल 14 अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

हिंदू सेवा संघ द्वारा राम नवमी के अवसर पर हिंदू राष्ट्र शक्ति और राष्ट्रीय हिंदू संगठन के सहयोग से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा चूनाभट्टा स्थित श्री राम मंदिर से शुरू होकर छोलदारी के बसंती पूजा मैदान में संपन्न हुई। इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदू सेवा संघ द्वारा एक एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन स्वास्थ्य उप–निदेशक डॉ. अभिजीत रॉय ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज और हिंदू समुदाय के प्रति समर्पित सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों के 12 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

रंगत पुलिस की ओर से हाल ही में जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी में साइबर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना था। यह सत्र थानाध्यक्ष निरीक्षक मोहम्मद समीर द्वारा संचालित किया गया। सत्र के दौरान सुरक्षित सोशल मीडिया अभ्यास, पासवर्ड सुरक्षा, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन गेमिंग के जोखिम, डिजिटल

फुटप्रिंट, फिशिंग स्कैम, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और इंटरनेट का जिम्मेदार उपयोग पर चर्चा की गई। छात्रों को साइबर कानूनों और साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने के तरीकों व तंत्र के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 250 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के 37 छात्रों और 3 एस्कॉर्ट शिक्षकों का एक समूह अध्ययन दौरे पर कल कार निकोबार पहुँचा। 30 मार्च तक चलने वाले इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कार निकोबार की संस्कृति, परंपराओं, शैक्षिक प्रथाओं और जीवन शैली के बारे में जानकारी प्रदान करना है। अपनी यात्रा के पहले दिन छात्रों को स्थानीय खेती, वानिकी, किन्यूका वाटर ट्रीटमेंट और आरओ प्लांट का अवलोकन कराया गया। छात्रों ने मूस गांव में मोबाइल लाइब्रेरी, मूस कैथेड्रल चर्च परिसर में स्थित बिशप जॉन रिचर्डसन की प्रतिमा और जिला पुस्तकालय का भी दौरा किया।

<><><><><><><>

फिट इंडिया पहल के तहत जनजातीय स्वदेशी खेल – जनजातीय खेल उत्सव कार निकोबार 2026 का उद्घाटन समारोह भारतीय खेल प्राधिकरण में आयोजित किया गया। निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने उत्सव का शुभारंभ करते हुए अंडर–18 इंटर–विलेज फुटबॉल टूर्नामेंट की ट्राफियां और प्रतिष्ठित लेफ्टिनेंट ईसाव आइजैक फुटबॉल रोलिंग ट्रॉफी का अनावरण भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में फिट इंडिया पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रोजाना शारीरिक गतिविधि बहुत जरूरी है। समारोह में पारंपरिक नौका दौड़ का प्रदर्शन किया गया। इसमें कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। कल पहले दिन किन्यूका और पेरका टीम के बीच हराह प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें टीम पेरका ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जीत हासिल की। जनजातीय परिषद, कार निकोबार के महासचिव जोसेफ थियोफिलस ने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों के फायरिंग अभ्यास और टियर स्मोक म्यूनिशन का प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभ्यास आज व 31 मार्च के अलावा 2, 7, 9 और 11 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के सभी नागरिकों से स्वयं को तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जनवरी 2027 सत्र की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अप्रैल कर दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा कल आयोजित होने वाली ओपन रोड रेस अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट की उभरती स्थिति के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ की गई बैठक के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने सांसद द्वारा संसद में डीआरएम एवं संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठाने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने कालीकट स्कूल मैदान में आज से लगने वाले दो दिवसीय ब्लॉक मेले के समाचार को अपने अखबार के प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इंफो इंडिया ने भातुबस्ती पार्किंग क्षेत्र में निर्माण श्रमिकों के लिए टीबी स्क्रीनिंग शिविर लगाने, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने दक्षिण अंडमान में राम नवमी के अवसर पर शोभा यात्रा के आयोजन के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>